दो बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त में युवक की मौत

१५ दिन पहले मुंबई से घर लौटा था प्रमोद, बनवा रहा था मकान, हो चुकी थी सगाई

उतरांव (प्रयागराज)। सराय ममरेज थाना क्षेत्र के देवदहना लाल छहा गांव निवासी २५ वर्षीय प्रमोद कुमार की सड़क हादसे में मौत हो गयी। रविवार शाम बलीपुर बाजार से घर लौटते समय दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। हादसे में प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी भी चोटिल हुआ। गंभीर हालत में प्रमोद को प्रयागराज रिफर किया गया, जहां रविवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक प्रमोद कुमार की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, प्रमोद कुमार पुत्र अमर बहादुर उर्फ कटारी अपने साथियों के साथ दो बाइकों से बलीपुर बाजार गया था। वहां से घर लौटते समय रास्ते में दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। हादसे में प्रमोद को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रिफर कर दिया। देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

प्रमोद मुंबई की एक कंपनी में मजदूरी कर परिवार की आर्थिक मदद करता था। वह करीब १५ दिन पहले ही मुंबई से घर लौटा था। इसके बाद अपने मकान का निर्माण करवा रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि घर बनने के बाद खुशियों के दिन आएंगे, लेकिन हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। प्रमोद की सगाई भी हो चुकी थी और परिजन उसके भविष्य को लेकर कई सपने संजोए हुए थे। प्रमोद चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

परिवार में उसकी बहन पूजा देवी और भाई सुरेंद्र, हिमांशु तथा दिव्यांशु हैं। उसके पिता अमर बहादुर और मां जड़ावती देवी खेती-किसानी करते हैं। बेटे की असमय मौत से माता-पिता और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में जिस बेटे को मकान बनवाते और जीवन की नयी शुरुआत करते देखने की उम्मीद थी, उसकी मौत से सभी सपने अधूरे रह गये।



मऊआइमा में डायवर्जन मार्ग पर जाम में फंसे लोग।

मऊआइमा में डायवर्जन मार्ग जर्जर, हादसों का बढ़ा खतरा

ओवरब्रिज निर्माण के बीच उखड़ी सड़क से राहगीर परेशान, कारोबार भी प्रभावित

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के चलते बनाया गया डायवर्जन मार्ग जर्जर होने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण आए दिन ई-रिक्शा पलटने से यात्री घायल हो रहे हैं। वहीं, ओवरब्रिज के बगल में बने साइड रोड पर बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इससे राहगीरों के साथ स्थानीय कारोबारियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

मऊआइमा रेलवे क्रासिंग फाटक संख्या ६१बी पर जाम से निजात दिलाने के लिए करीब १२४ करोड़ रुपये की लागत से लगभग ८५० मीटर लंबे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि डायवर्जन मार्ग खराब होने के कारण बड़े वाहनों को करीब १० किलोमीटर दूर कंचनपुर, पिलखुआ और बागी मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं, साइड रोड ऊबड़-खाबड़ होने से बाइक सवारों, साइकिल चालकों और पैदल राहगीरों को जाम के बीच मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत के व्यापारी इरशाद, मनोज, गणेश, मोहम्मद इमरान, दिलशाद, जलील अहमद और रईस अंसारी सहित अन्य दुकानदारों ने डायवर्जन मार्ग की मरम्मत और साइड रोड के समतलीकरण की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष और बुनकर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब अंसारी ने ओवरब्रिज निर्माण पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे बुनकरों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। गुजरात, महाराष्ट्र, कानपुर और टांडा आदि स्थानों से आने वाले भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। उन्होंने कारोबारियों को नुकसान से बचाने के लिए ठोस वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग की। इस संबंध में सेतु निगम के अवर अभियंता अजीत कुशवाहा ने बताया कि डायवर्जन मार्ग पर तत्काल काम शुरू कराया जा रहा है। निर्माणाधीन ओवरब्रिज के बगल के मार्ग को भी दुरुस्त कराया जा रहा है।

बेटी के प्रेम विवाह से नाराज परिजनों ने पिता को पीटा, सिर फटा

घर से निकालने की धमकी देने का आरोप, नैनी थाने में तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र में बेटी के दूसरी जाति के युवक से प्रेम विवाह करने से नाराज परिजनों द्वारा उसके पिता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट में उसका सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। तहरीर के आधार पर नैनी पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

चाका बसंत का पुरा निवासी प्रकाश चंद्र गौड़ पुत्र स्व. रामकिशोर गौड़ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी मुस्कान गौड़ ने दूसरी जाति के युवक से प्रेम विवाह कर लिया है। इसी बात को लेकर उसकी मां सुशीला देवी और भाई गोपाल गौड़ व धीरज गौड़ आए दिन उससे विवाद करते हैं। आरोप है कि तीनों उसे घर छोड़कर चले जाने की धमकी देते हैं। पीड़ित के मुताबिक, रविवार सुबह करीब १०:३० बजे उक्त तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद उसे धमकी दी गयी कि घर छोड़कर नहीं जाने पर जान से मार दिया जायेगा। घटना के बाद पीड़ित ने नैनी थाने पहुंचकर तहरीर दी और चोटों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेलन नहर से जुड़ी माइनरों के टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसान परेशान

धान की फसल सूखने की कगार पर, किसानों ने सिंचाई विभाग और जिलाधिकारी से की जलापूर्ति की मांग



खीरी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र में बेलन नहर से जुड़ी माइनरों के टेल तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। नहर से जुड़ी माइनरों के अंतिम छोर पर बसे गांवों के खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे धान की फसल सूखने की कगार पर है और किसान चिंतित हैं।

किसानों का कहना है कि अब तक प्रकृति ने उनका साथ दिया, लेकिन नहर में पानी आने के समय भी खेतों तक आपूर्ति नहीं पहुंच सकी। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। ऐसे में फसल सूखने से परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो सकता है। घोरी गांव निवासी कमलाकांत और दीना ने बताया कि उनका गांव धनिष्ठा माइनर के टेल पर स्थित है, लेकिन अभी तक नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंचा है। वहीं, बराठी माइनर से जुड़े किसानों ने बताया कि माइनर सूखी पड़ी है, जबकि धान की फसल को इस समय पानी की सख्त जरूरत है। सुजनी, पटपरिया, घोरी, करह, इटवा, डेहरन, खरका, टांगा, जोरकट, कंचनपुर, खंभरीया सहित कई गांवों के किसान सिंचाई के पानी के लिए परेशान हैं।

किसानों ने सिंचाई विभाग और जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सूखी पड़ी माइनरों में जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है, ताकि धान की फसल को बचाया जा सके।

पशु स्वास्थ्य शिविर में ४१ मवेशियों की जांच

मेजा ऊर्जा निगम और एनटीपीसी की पहल, पशुपालकों को दी गयी वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा ऊर्जा निगम और एनटीपीसी के सहयोग से सलैया खुर्द गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



इसमें ३७ किसानों के ४१ मवेशियों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां और उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पशुधन के माध्यम से उनकी आजीविका को मजबूत बनाना रहा।

शिविर का आयोजन 'पशुधन विकास के माध्यम से ग्रामीण आजीविका संवर्धन परियोजना' के तहत किया गया। बीआईएफ इंस्टीट्यूट फार सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स एंड डेवलपमेंट, उत्तर प्रदेश की ओर से संचालित इस परियोजना के अंतर्गत पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच कर उनकी समस्याओं की पहचान की और जरूरी उपचार किया। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं की नियमित देखभाल, बेहतर पोषण और वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों की जानकारी दी गयी। साथ ही पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों के अनुसार, समय पर पशु चिकित्सा सुविधाएं मिलने से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में सुधार करने में मदद मिलेगी।

बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी विक्रम, पांच लोग घायल

प्रतापपुर (प्रयागराज)। थाना सरायममरेज क्षेत्र के मियां का पूरा-बलीपुर मार्ग पर रविवार को देर रात विक्रम पलट गयी। उसमें बैठे तीन महिलाओं सहित दो बच्चे घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी सायरा बानो, अलकमा एवं मिसबाह तीनों महिलाएं दो बच्चों के साथ विक्रम पर सवार होकर घर से उतराव थाना क्षेत्र के यासीनपुर गांव में एक दावत में शामिल होने गयी थीं। वहां से रविवार को देर रात घर लौटते समय सरायममरेज के बहुपुर गांव के सामने पहुंच रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विक्रम अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें बैठी तीनों महिलाओं सहित दो बच्चे घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजन के लोग उपचार के बाद चार को देर रात घर ले गए, जिसमें गंभीर रूप से घायल सायरा बानो का उपचार चल रहा है।

रामलीला उत्कृष्टता सम्मान समारोह आज

प्रयागराज। भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, करुणा और धर्मनिष्ठा को जन-जन तक पहुंचाने वाली रामलीला की समृद्ध परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से मंगलवार को रामलीला उत्कृष्टता सम्मान समारोह-२०२६ का आयोजन किया जायेगा। परमार्थ त्रिवेणी पुष्प, नगर निगम प्रयागराज और नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम शाम पांच बजे परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में होगा। समारोह में परम श्रद्धेय स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज का सान्निध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के माध्यम से प्रयागराज की गौरवशाली रामलीला परंपरा को जीवंत बनाये रखने वाली आयोजन समितियों, उनके पदाधिकारियों और भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों के प्रसार में योगदान देने वाले व्यक्तित्वों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जायेगी।

बाइक सवार को बचाने में धान के खेत में उतरी पुलिस की बोलेरो

लालापुर के कचरा गांव के पास देर रात हुआ हादसा, कोई हताहत नहीं

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के कचरा गांव के समीप रविवार रात करीब एक बजे बाइक सवारों को बचाने के प्रयास में लालापुर थाने की सरकारी बोलेरो अनियंत्रित होकर धान के खेत में उतर गयी। हादसे में किसी को चोट नहीं आई, जबकि सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से बोलेरो को खेत से बाहर निकलवाया।

जानकारी के अनुसार, तीन लोग बाइक से घूरपुर की तरफ से अमिलिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही लालापुर थाने की सरकारी बोलेरो के सामने अचानक बाइक आ गयी। बाइक सवारों को बचाने के लिए चालक ने वाहन दूसरी तरफ मोड़ा, जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे धान के खेत में चली गयी। घटना की सूचना मिलने पर डायल ११२ की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद जेसीबी की मदद से बोलेरो को खेत से बाहर निकाला गया। हादसे में किसी के घायल नहीं होने से पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

टेला टप्पाकी बारी में कंबल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम दो को

बरौत (प्रयागराज)। विकासखंड हंडिया के टेला टप्पा की बारी में कंबल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक कुलभूषण मिश्रा 'कुलदीप' (प्रदेश अध्यक्ष, हिंदू वाहिनी चिकित्सा प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश) ने बताया कि दो नवंबर को कंबल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें जरूरतमंद कार्यक्रम में पहुंचकर लाभ उठाएं। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में निर्मला पासवान (भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार, प्रयागराज), विपुल दुबे (विधायक ज्ञानपुर), अशोक सिंह (पूर्व अध्यक्ष, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन), मनोज कुमार मिश्रा (ब्लाक प्रमुख डीघ, भदोही), विराज ठाकुर (राष्ट्रीय संरक्षक, विश्व सनातन रक्षा परिषद) सहित तमाम लोग कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

हर्बल उत्पादोंके वैज्ञानिक मूल्यांकनपर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में आयुर्वेद और आधुनिक शोध तकनीकों के समन्वय पर जोर



हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में सोमवार को हर्बल उत्पादों के वैज्ञानिक मूल्यांकन एवं उन्नत शोध तकनीकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 'हर्बल उत्पादों की भूमिका के आकलन हेतु उच्चस्तरीय शोध तकनीकों का अन्वेषण' विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम २६ से ३० अक्टूबर तक चलेगा। इसमें पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शोध तकनीकों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों के पूर्व प्राचार्य, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डा. जी.एस. तोमर ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय ज्ञान परंपरा की जीवंत देन है। स्वास्थ्य की समग्र अवधारणा को समझने के लिए पौधों, जीव-जंतुओं और पर्यावरण के बीच पारस्परिक संबंधों को समझना जरूरी है। उन्होंने चूर्ण, क्वाथ और काढ़े जैसी औषधीय विधियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. बी.बी. तिवारी ने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की परंपरा है। प्रति-कुलपति डा. एस.सी. तिवारी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उनके वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा डा. राजेश केसरवानी ने प्रस्तुत की। स्वागत भाषण विज्ञान संकाय के डीन डा. आशीष शिवम ने दिया। संयोजन एवं संचालन शोध निदेशक डा. आदि नाथ ने किया, जबकि कुलसचिव एस.एस. मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डा. सव्यसाची, डा. वीरेंद्र मणि त्रिपाठी, डा. आलोक त्रिपाठी, डा. पंकज यादव, डा. मीता रतावा तिवारी, सुश्री अनुभूति दीक्षित सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

लक्ष्मी पूजन के साथ बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा, प्रतिभाएं सम्मानित

आवास विकास कालोनी में रंगारंग कार्यक्रमों ने मोहा मन



झूंसी (प्रयागराज)। मां लक्ष्मी की आराधना और सनातन संस्कृति की मनोहारी छटा के बीच श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा, आवास विकास योजना-३ झूंसी की ओर से लक्ष्मी पूजन समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भक्तिमय वातावरण में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का संचालन पंकज श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. अमित पांडेय, ईपीसी श्रीवास्तव, पार्षद अनिल यादव, सुधीर गौर, ज्ञान श्रीवास्तव, रमन श्रीवास्तव, कमेटी अध्यक्ष रूमा दास, महामंत्री सुधीर चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव, नीतू पांडेय, जे. गंगोली, संदीप सिंह, सत्या और पवन गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मेजा ऊर्जा निगममें सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम के तहत ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर



मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०२६ का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गयी है। कार्यक्रम का उद्घाटन निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस राव ने किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों ने कार्यस्थल पर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सीईओ जीएस राव ने कहा कि बेहतर कार्यसंस्कृति के लिए ईमानदारी और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभागों में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करें। प्रत्येक निर्णय निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ लिया जाना चाहिए, ताकि संगठन में जवाबदेही की भावना मजबूत हो सके। विभागाध्यक्ष (सतर्कता) एनके अंसारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत करते हुए सप्ताहभर आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इसके तहत आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, कर्मचारियों, उनके जीवनसाथियों और अपराजिता महिला समाज के सदस्यों के लिए नारा लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा वित्तीय मामलों में सहमति, श्रम कानूनों और अनुबंध संबंधी विवादों के समाधान जैसे विषयों पर जागरूकता सत्र होंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य कर्मचारियों और अन्य संबंधित लोगों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एके सामल, महाप्रबंधक (परियोजना) शरद सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन) समीर शर्मा, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) नीरज कुमार, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) विवेक चंद्र, मुख्य वित्तीय अधिकारी अंशु बरुआ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एके चौधरी सहित वरिष्ठ प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

अधेड़ की मौत के मामले फरार टेंपो चालक गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने मालवाहक टेंपो सहित चालक को पकड़ा

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज में रविवार सुबह सड़क हादसे में अधेड़ की मौत के मामले में पुलिस ने कारवाई करते हुए मालवाहक टेंपो और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान कर सोमवार को चालक को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, अंधियारी पाठक का पूरा निवासी संतोष कुमार शुक्ला (५०), पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल शुक्ला, रविवार सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने लखनऊ राजमार्ग स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने से जा रहे थे। इसी दौरान एक मालवाहक टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल संतोष कुमार शुक्ला की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकके परिजनोंमें कोहराम मच गया। पुलिसने मामलेकी जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेजके आधारपर दुर्घटना में शामिल मालवाहक टेंपो की पहचान कर चालक को वाहन सहित गिरफ्तारकर लिया गया। पुलिसकी कारवाई से हादसेके बाद फरार चालककी तलाशकर रहे परिजनोंको राहत मिली है।

करण्ट से मजदूरकी मौतके मामले में ठेकेदार और भवन स्वामीपर केस दर्ज

पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव, आज होगा अंतिम संस्कार

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जायेगीपुर ग्राम सभा के मझियारी गांव निवासी शिव प्रकाश पटेल (२०) की करंट की चपेट में आने से मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार और भवन स्वामी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम शव पहुंचने के कारण मंगलवार सुबह फाफामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया जायेगा। मृतक के पिता सुनील पटेल के अनुसार, उनका बेटा रविवार सुबह ठेकेदार के कहने पर फतेहशाह का पूरा गांव स्थित एक नवनिर्मित भवन में पेंटिंग करने गया था। आरोप है कि भवन में लोहे की ग्रिल के पास लापरवाही से बिजली का तार खुला छोड़ दिया गया था। इसी दौरान शिव प्रकाश करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पिता सुनील पटेल ने ठेकेदार और भवन स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने बालाडीह (जाजापुर) ग्राम सभा निवासी ठेकेदार राजेंद्र सरोज और भवन स्वामी सर्वजीत उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। घटना के बाद मृतक के घर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक के अवकाश पर होने के कारण सेकेंड इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है। अंतिम संस्कार होने तक मृतक के घर पर पुलिस तैनात रहेगी।

धनुष यज्ञ में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

सीता-राम विवाह प्रसंग ने मोहा मन रामलीला में रावण-बाणासुर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का सजीव मंचन



झूंसी (प्रयागराज)। श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और सनातन संस्कृति की झलक के बीच श्री रामलीला कमेटी लालगंज अमरसापुर की ओर से आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ, श्रीराम-सीता विवाह, रावण-बाणासुर संवाद और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के जयकारों से रामलीला परिसर गूंज उठा। श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ प्रभु की लीलाओं का आनंद लेते रहे।

धनुष यज्ञ प्रसंग में राजा जनक के दरबार में विभिन्न राज्यों के राजाओं के आगमन और भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाने के प्रयास का मंचन हुआ। जब कोई राजा धनुष नहीं उठा सका तो महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा से प्रभु श्रीराम ने सहजता से धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई। धनुष टूटते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में भारतीय वैवाहिक परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिली। रावण-बाणासुर संवाद में दोनों के बीच प्रभावशाली वाक्-युद्ध ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, परशुराम-लक्ष्मण संवाद में लक्ष्मण के ओजपूर्ण वचनों और भगवान परशुराम के तेजस्वी स्वरूप ने आयोजन में विशेष उत्साह भर दिया। कलाकारों के अभिनय और संवाद अदायगी ने प्रसंगों को जीवंत कर दिया। रामलीला के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, मर्यादा, विनम्रता, साहस और सत्यके मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसरपर कमेटी अध्यक्ष शिव विजय सिंह, प्रबंधक विजय बहादुर यादव, मनीष केसरवानी, रत्नेश केसरवानी, हरिश्चंद्र पाल, वेद प्रकाश श्रीवास्तव और बृजेश यादव सहित बड़ी संख्यामें रामलीला प्रेमी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर दुर्घटना मामले में बुजुर्ग और बाल अपचारी गिरफ्तार

छतनाग मोड़ के पास झूंसी पुलिस ने की कारवाई, २३ अक्टूबर को दर्ज हुआ था मुकदमा

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर दुर्घटना के मामले में पुलिस ने सोमवार को एक बुजुर्ग और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ २३ अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपितों को सोमवार सुबह करीब १०:१५ बजे छतनाग मोड़ के पास से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों में नैका गांव निवासी राजाराम (७२) पुत्र स्व. मुंडा उर्फ मुन्नीलाल और छतनाग स्थित नागेश्वर मंदिर के पास रहने वाला १५ वर्षीय बाल अपचारी धीरज यादव शामिल है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि राजाराम के खिलाफ झूंसी थाने में एक अन्य मुकदमा भी दर्ज है। यह कारवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में की गयी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में छतनाग चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सचिन तंवर और आरक्षी अखिलेश कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, दोनों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कारवाई की गयी है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६२)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।